बीमा आयुक्त पद के लिए बेन एलन

BEN ALLEN

यह चुनावी मुकाबला क्यों महत्वपूर्ण है

कैलिफ़ोर्निया की बीमा व्यवस्था चरमरा गई है — बेन इसे ठीक करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

पैलिसेड्स वाइल्डफ़ायर (Palisades Fire) की बाही के बाद, राज्य सीनेटर बेन एलन तुरंत काम में जुट गए — उन्होंने अपना सब कुछ खो चुके हज़ारों क्षेत्रवासियों को अपने घर और जीवन को फिर से बसाने की मदद के लिए। उन्होंने बीमा कंपनियों को जवाबदेह ठहराया ताकि गृहस्वामियों को उनका बकाया भुगतान मिले, तेज़ी से पुनर्निर्माण के लिए दबाव डाला, और झाड़ियों की सफ़ाई तथा वन प्रबंधन के लिए बजट आवंटित कराया जोकी अगली आग किसी बड़ी तबाही का रूप लेने से रोक सके।

राज्य सीनेटर के रूप में, बेन ने एक दशक तक उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का मसौदा तैयार किया है, जो बीमा कंपनियों की जवाबदेही तय करते हैं और आम उपभोक्ताओं को ठोस परिणाम दिलाते हैं। जंगलों की आग से बचाव (Wildfire Prevention) में अग्रणी नेता के रूप में, बेन का रिकॉर्ड कैलिफ़ोर्निया को संभावित आपदाओं के लिए पहले से तैयार करने का रहा है — न कि केवल नुकसान होने के बाद निपटने और प्रतिक्रिया देने का।

बीमा आयुक्त पद के उम्मीदवार के रूप में, बेन ने बीमा कंपनियों से एक भी पैसा (dime) चंदा लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया है।

चरमराई व्यवस्था को ठीक करने की बेन की योजना

कैलिफ़ोर्निया का बीमा बाज़ार संकट में है — बीमा कंपनियाँ समुदायों से बाहर निकल रही हैं, मकान मालिक अत्यधिक दबाव झेल रहे हैं और "FAIR प्लान" पर निर्भर होने को मजबूर हैं, और बीमा प्रीमियम लगातार बढ़ रहे हैं। बेन की योजना एक सरल विचार पर आधारित है: बाज़ार में सुधार और स्थिरता लाकर कैलिफ़ोर्नियावासियों के लिए लागत कम करना, ताकि इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिले — न कि बीमा कंपनियों के मुनाफ़े को।

1. **बीमाकर्ताओं को बाज़ार में वापस लाकर लागत कम करना**

   पारदर्शिता और जवाबदेही के कड़े मानकों को लागू करके बाज़ार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाना — ताकि अधिक कंपनियाँ कैलिफ़ोर्निया में फिर से पॉलिसी जारी करना चुनें, जिसका अर्थ है आपके लिए अधिक विकल्प और कम लागत।

2. **दावों को ख़ारिज या विलंबित करने पर बीमा कंपनियों की जवाबदेही तय करना**

   आपदा के बाद बीमा कंपनियों द्वारा वैध दावों को टालने या ख़ारिज करने के प्रचलन को समाप्त करना। बेन यह सुनिश्चित करेंगे कि कैलिफ़ोर्नियावासियों को उनकी देय राशि तब मिले जब उन्हें इसकी सबसे ज़्यादा आवश्यकता हो।

3. **उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना, न कि कंपनियों के मुनाफ़े की**

   बेन पहले ही ऐसे कानून पारित करा चुके हैं जो बीमाकर्ताओं को व्यक्तिगत संपत्ति के दावों पर अग्रिम भुगतान करने के लिए बाध्य करते हैं, जोखिम कम करने वाली परियोजनाओं के लिए कम ब्याज पर ऋण प्रदान करते हैं, और जब गृहस्वामी पहचाने गए जोखिमों को दूर करते हैं तो उनके कवरेज की सुरक्षा करते हैं। आयुक्त के रूप में, वह बीमाकर्ताओं को जवाबदेह ठहराना और उपभोक्ताओं को राहत देना जारी रखेंगे।

4. **अगली आग शुरू होने से पहले ही उसकी रोकथाम करना**

   बेन ने $10 अरब के राज्यव्यापी बुनियादी ढांचा बॉन्ड (प्रस्ताव 4 / Proposition 4) का प्रारूप तैयार किया, जो फ़ायरफ़ाइटरों की सुरक्षा को मजबूत करता है, समुदायों की आपदा तैयारियों में सुधार करता है, और स्थानीय स्तर पर सक्रिय वाइल्डफ़ायर रोकथाम का समर्थन करता है। वह ऐसी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो समुदायों को सुरक्षित रखे और बीमा की उपलब्धता और उसे किफ़ायती बनाए रखे।

5. **कानून को सख्ती से लागू करना और बीमा धोखाधड़ी पर रोक लगाना**

   बीमा कानूनों का औचित्य तभी है जब उन्हें सख्ती से लागू किया जाए। बेन धोखाधड़ी पर कड़ी कार्रवाई करेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले गलत तत्वों को उत्तरदायी ठहराएंगे।

6. **बीमा उद्योग से राजनीतिक चंदा न लेना**

   बेन उस उद्योग से कोई भी अभियानी योगदान या चंदा स्वीकार नहीं करते, जिसे विनियमित करने की ज़िम्मेदारी उनकी होगी।

बेन को इनका समर्थन प्राप्त है:

अमेरिकी सीनेटर
एडम शिफ

अमेरिकी सीनेटर
एलेक्स पाडिला

कैलिफ़ोर्निया डेमोक्रेट्स ने किया बेन का समर्थन

1 अगस्त को, कैलिफ़ोर्निया डेमोक्रेटिक पार्टी ने बीमा आयुक्त पद के लिए बेन को आधिकारिक समर्थन दिया। प्राइमरी चुनाव में तटस्थ रहने के बाद, आम चुनाव में डेमोक्रेट्स बेन के पक्ष में एकजुट हो रहे हैं। यह जेन किम की डेमोक्रेटिक मतदाताओं का समर्थन जुटाने की क्षमता के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर इस तरह के चुनाव में जहाँ राज्य भर के मतदाता पार्टी की आधिकारिक सिफारिश को ध्यान में रखते हैं।

बेन के समर्थकों की पूरी सूची देखने के लिए BenAllenCA.com पर जाएँ।

बेन एलन के बारे में

सीनेट में शामिल होने से पहले, बेन ने सांता मोनिका-मालिबू यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन के अध्यक्ष और यूसीएलए (UCLA) लॉ स्कूल में व्याख्याता के रूप में कार्य किया। वह अपनी पत्नी मेलानी, जो एक वकील हैं, और अपने दो छोटे बच्चों के साथ सांता मोनिका में रहते हैं।

बेन एलन के अभियान से जुड़ें

बीमा आयुक्त पद के लिए बेन एलन
BEN ALLEN

और अधिक जानें और अभियान में शामिल हों
@BenAllenCA

योगदान, समर्थन या अधिक जानकारी के लिए अभियान टीम से info@benallenca.com पर संपर्क करें।

बेन को फॉलो करें:
BenAllenCA.com

योगदान दें

Paid for by Ben Allen for Insurance Commissioner 2026, FPPC#1483889